मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 22/09/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 262/2024
22 सितम्बर 2024
रांची
==================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना समेत अन्य योजनाओं को मिले अपार समर्थन, लोकप्रियता और सफलता को लेकर महिलाओं के प्रति आभार जताने के लिए 23 सितंबर से निकलेगी मंइयाँ सम्मान यात्रा
==================
गढ़वा के बंशीधर नगर से मंइयाँ सम्मान यात्रा का होगा शुभारंभ, मंत्री श्रीमती बेबी देवी एवं श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह तथा विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन रहेंगी मौजूद
===================
मुख्यमंत्री का संकल्प -राज्य की महिलाएं पूरे मान-सम्मान और स्वाभिमान के साथ जिंदगी जी सकें
==================
मुख्यमंत्री के अब तक के साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आधी आबादी का लगातार हो रहा सशक्तिकरण
================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन राज्य की आधी आबादी की सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य की महिलाएं पूरे मान-सम्मान और स्वाभिमान के साथ जिंदगी जी सकें, उनको आगे बढ़ने का लगातार कार्य राज्य सरकार कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना से अब तक रिकॉर्ड 45 लाख

महिलाएं एवं बहन -बेटियां जुड़ चुकी हैं। इन सभी को हर वर्ष 12 हज़ार रुपए सम्मान राशि दी जाएगी, जिसकी पहली दो किस्त बहन- बेटियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अब इस योजना समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं को मिल रही अपार बड़ी सफलता, लोकप्रियता तथा समर्थन को देखते हुए महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए 23 सितंबर को गढ़वा के बंशीधर नगर स्थित श्री बंशीधर मंदिर से मंइयाँ सम्मान यात्रा का शुभारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री श्रीमती बेबी देवी, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह और विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन मौजूद रहेंगी।

पलामू प्रमंडल में तीन दिनो तक मंइयाँ सम्मान यात्रा

मंत्री श्रीमती बेबी देवी, मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह और विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन मंइयाँ सम्मान यात्रा का नेतृत्व करेंगी। 23 सितंबर को गढ़वा के बंशीधर नगर, रमना तथा मेराल, 24 सितंबर को गढ़वा, मझियांव, हैदर नगर, हुसैनाबाद, छतरपुर, नावा मोड़ पाटन और दलित छात्रावास , डाल्टनगंज तथा 25 सितंबर को मेदिनी नगर, सतबरवा, बकोरिया, लातेहार, चंदवा, बालूमाथ, हेरहंज और पांकी में इस यात्रा के दरमियान कई आम सभाएं और अन्य कार्यक्रम होंगे, जिनके माध्यम से महिलाओं से सीधा संवाद कर उनका आभार जताया जाएगा।

आधी आबादी के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अपने अब तक कर साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में आधी आबादी को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस कड़ी में 50 वर्ष से अधिक उम्र की सभी महिलाओं, एकल महिला तथा परित्यक्ता को यूनिवर्सल पेंशन स्कीम का लाभ दिया जा रहा है। वहीं, बच्चियों को पढ़ाने की जिम्मेवारी राज्य सरकार उठा रही है। इसके लिए सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना से अब तक 9 लाख बच्चियों को जोड़ा जा चुका है। फूलो- झानो आशीर्वाद योजना के तहत महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ने के लिए 50 लाख रुपए तक की सहायता राशि दी जा रही है।अब तक 36 हज़ार महिलाएं इस योजना का लाभ ले चुकी हैं। इसके अलावा अनेकों ऐसी योजनाएं हैं, जिसके जरिए बच्चियों के जन्म से उनके बुढ़ापे तक की जिम्मेदारी सरकार ले रही है। मुख्यमंत्री का संकल्प है कि राज्य की आधी आबादी को इतना सशक्त बनाएं कि वे पूरे मान-सम्मान के साथ आगे बढ़ें और अपने साथ राज्य के विकास में भागीदार बने।

###

========================

TeamPRD(CMO)